**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

**एकलव्य परिसर, (त्रिपुरा)- 799210**

(संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित)

**शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार**

**राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा 'A++' ग्रेड प्राप्त**

दिनांक: 01.08.2026

**कार्यालय आदेश/ Office Order** – 142

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग के पत्र संख्या D.O. No. A.44011/11/2025-E. IV दिनांक 29 जुलाई, 2026 एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के पत्र संख्या D.O. No. J-17011/389/2025-MY BHARAT-Part(3) दिनांक 29 जुलाई, 2026 के आलोक में सभी प्राध्यापकों, छात्रों और कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि '2047 तक नशा मुक्त भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी युवा आंदोलन के रूप में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'नशा मुक्त भारत' के विजन से पूरी तरह प्रेरित है तथा 'विकसित भारत@2047' के विजन से जुड़ा हुआ है।

उपर्युक्त के सम्बन्ध में 1 अगस्त और 2 अगस्त, 2026 के लिए विश्वविद्यालय परिसर में निम्नलिखित कार्यक्रम और गतिविधियां निर्धारित की गई हैं:

- 1 अगस्त, 2026 (पूर्व तैयारी और डिजिटल शपथ):
  मंत्रालयों के निर्देशों के अनुसार, सभी छात्रों, अध्यापकों और कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके 'नशा मुक्त भारत' की डिजिटल शपथ लें:

[https://mybharat.gov.in/events/nasha mukt yuva] (https://mybharat.gov.in/events/nasha mukt yuva)

- मंत्रालय के पत्र के अनुपालन में, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष (HoDs) और समन्वयक अपने-अपने विभागों के छात्रों और कर्मचारियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करेंगे।
- 2 अगस्त, 2026 (मुख्य कार्यक्रम - समय: प्रातः 10:00 बजे से):
  - स्थान: विश्वविद्यालय का मुख्य सभागार
  - प्राप्त निर्देशों के तहत, प्रातः 10:00 बजे से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के देशव्यापी वर्चुअल संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। सभी सम्मानित संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र समयानुसार निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहें।
  - संबोधन के दौरान या पश्चात् सभी प्रतिभागी सामूहिक रूप से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' की शपथ लेंगे।
- सांस्कृतिक एवं जागरूकता गतिविधियां:
  - रचनात्मक माध्यम से जागरूकता फैलाने के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी।
  - इसके अतिरिक्त वॉकथॉन, ध्यान सत्र (Meditation Session), कला प्रतियोगिता, तथा खेल आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

➢ आगामी कार्यक्रम: इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत अगले 100 हफ्तों तक प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाली कला, संस्कृति और खेल गतिविधियों की रूपरेखा भी समय-समय पर साझा की जाएगी।

सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से विनम्र अनुरोध है कि वे मंत्रालय के इन पत्रों के निर्देशों के अनुपालन में इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इसे सफल बनाएं।

**नोट:-**

सभी विद्याशाखा अध्यक्ष/संयोजक, आईक्यूएसी (IQAC) समन्वयक, दोनों छात्रावासों के वार्डन एवं उप-वार्डन, एनसीसी समन्वयक, एनएसएस समन्वयक, शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक, योग प्रशिक्षक, कक्षा संयोजक, जनसम्पर्क अधिकारी, सह-जनसम्पर्क अधिकारी, अनुभाग अधिकारी तथा तकनीकी सहायक उपर्युक्त एवं उक्त सम्बन्धित आगामी कार्यक्रमों की आयोजन समिति के **पदेन सदस्य** होंगे।

इसके अतिरिक्त, डॉ. अनुप सरकार, डॉ. संवित् महापात्रा, डॉ. पलास सँतरा, डॉ. बिकास सरकार, डॉ. दिवेश शर्मा, श्री टाशी नामगेल एवं श्री चन्दन होता समिति के सदस्य होंगे।

**एनएसएस- कार्यक्रम अधिकारी एवं एनसीसी- समन्वयक इस समिति के संयोजक के रूप में रहेंगे। डॉ. पलास सँतरा, डॉ. बिकास सरकार, श्री टाशी नामगेल एवं श्री चन्दन होता सहसंयोजक के रूप में कार्य करेंगे।**

श्री द्वैपायन सेनगुप्ता, श्री प्रीतम घोष, श्री सत्या ग्वाला एवं श्री श्रीबास देवनाथ कार्यालयीय सहयोग प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम के संयोजकों एवं सह-संयोजकों से अपेक्षा की जाती है कि वे निदेशक एवं सह-निदेशक के परामर्श एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करें।

(प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी/Prof. Gurucharan Singh Negi)
निदेशक/Director

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवशयक कार्यार्थ प्रेषित:-**

1. जनसम्पर्क अधिकारी, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली (सूचनार्थ)।
2. कार्यक्रम अधिकारी, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली (सूचनार्थ)।
3. प्रो. सुशान्त कुमार राज, सहनिदेशक, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
4. सभी विद्याशाका अध्यक्षों/संयोजको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।
5. डॉ. उमेश चन्द्र मिश्र, अध्यक्ष, व्याकरणशास्त्र विद्याशाखा एवं जनसंपर्क अधिकारी PRO), के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. डॉ. सुमन आचार्जी, समन्वयक (IQAC) एवं सह-जनसंपर्क अधिकारी (Co-PRO), के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. समिति के सभी सम्बन्धित सदस्यगणों को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. डॉ. नेपाल दास, वार्डन, बालक छात्रावास एवं समन्यक- एनसीसी, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
9. डॉ. नन्ददुलाल मण्डल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं संयोजक- प्राक्शास्त्री कक्षा, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
10. डॉ. सौम्य ज्योति साहा, उप-वार्डन, बालक छात्रावास, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
11. डॉ. इतिश्री महापात्रा, प्राध्यापिका, धर्मशास्त्रविद्याशाखा एवं वार्डन, बालिका छात्रावास, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
12. श्रीमती परभिन देबबर्मा, प्राध्यापिका, संगणकविज्ञान उपवार्डन, बालिका छात्रावास, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
13. अनुभाग अधिकारी (प्रशासन/लेखा), के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
14. सूचना पट्ट (अकादमिक ब्लॉक), के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
15. तकनीकी सहायक, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला— परिसर की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा तकनीकी सहयोग हेतु।
16. कार्यालय आदेश संचिका।

निदेशक/Director